LIBRARY

School of Planning And Architecture ,Bhopal

S.No. 18 (August 2024)

City भास्कर पेज न .20 03/08/2024

एसपीए के स्टूडेंट रनित ने पहले ओल्डएज होम्स जाकर बुजुर्गों से बात की, माहौल समझा, फिर बनाया यह बोर्ड गेम

बुजुर्गों का तनाव और अकेलापन दूर करेगा बोर्ड गेम

इनोवेशन

सिटी रिपोर्टर |शहर के ओल्डएज होम्स में बुजुर्गों में अकेलापन बढ़ता जाता है और वे जरूरत से ज्यादा तनाव की स्थिति में कई बार सुसाइड की कोशिश भी करते हैं। द अमेरिकन इंस्टीट्यूट ऑफ स्ट्रेस की जनवरी 2021 की रिपोर्ट भी इस बात की पुष्टि करती है कि 50 से 80 साल के 44% बुजुर्गों में अकेलापन और स्ट्रेस पाया गया। ऐसे में ओल्डएज होम्स में रह रहे बुजुर्गों को इस स्ट्रेस का सामना न करना पड़े, इसके लिए स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए) के स्टूडेंट रनित बेनर्जी ने एक ऐसा कार्ड गेम डिजाइन किया है, जोकि उनके बीच आ गई चुप्पी को तोड़ने का काम करेगा।

शहर के एक ओल्डएज होम में बुजुर्गों को गेम के बारे बताते रनित बेनर्जी।

बात न होने से बढ़ रहा अकेलापन

रनित ने बताया- प्रोजेक्ट पर काम करने के लिए पहले मैंने शहर के लगभग सभी ओल्डएज होम्स को विजिट किया। यहां बुजुर्गों से बात की, माहौल को समझा और बुजुर्गों में स्ट्रेस बढ़ने की वजह जानी। इस ऑब्जर्वेशनल स्टडी में पता चला कि यहां ज्यादातकर केयर टेकर्स अपने काम को एक ड्यूटी की तरह करते हैं। ऐसे में इमोशनल अटैचमेंट या प्यार उनके बीच में न के बराबर होता है। इससे भी बड़ी बात सामने आई कि यहां रह रहे बुजुर्गों में आपसी कम्यूनिकेशन गैप की कमी है। बुजुर्गों में आपस में भी कोई बातचीत नहीं होती। इसी की वजह से ज्यादातर बुजुर्ग अकेलेपन या किसी अपनी पुरानी घटना को लेकर दुःखी रहते हैं। इसी को देखते हुए मैंने ऐसा गेम डिजाइन किया, जो कम से कम इनके बीच की चुप्पी को तोड़ सके।

ऐसा है बोर्ड गेम

यह गेम फन बेस्ड है, ताकि बुजुर्गों के बीच जान-पहचान बढ़े, उनका छिपा टैलेंट बाहर आए और वे अपने पुराने ट्रॉमा को भूलकर नए माहौल को एंजॉय करें। गेम में 7 तरह के कार्ड हैं, जिनको ताश की तरह खेलना होता है। इसमें 4 एक्टिविटीज वाले और 3 पॉवर कार्ड हैं। आपको जो कार्ड मिला है, अगर वो एक्टिविटी नहीं करनी है तो आप इसकी बिडिंग कर सकते हैं। जिसे भी वो एक्टिविटी कार्ड चाहिए, उसे कार्ड में लिखी परफॉरमेंस करके वो कार्ड हासिल करना होगा। पॉवर काड्र्स में से यदि आपको डेविल कार्ड मिल जाता है, तो आप अपना दिया गया कार्ड वापिस ले सकेंगे। काड्र्स पास करने और परफॉर्म करने के दौरान गेम का विनर तब तय होगा, जब किसी एक व्यक्ति के पास हर तरह के कार्ड आ जाएं।